तापमान
अधिकतम 44 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

11 हिसार बाईपास तक चलेंगी लो फ्लोर सिटी बसें, दूरी ...



12 आतंकवाद व हिंसा के विरुद्ध एकजुट हों नागरिक ...



# गर्मी बढ़ते ही बिजली और पानी की किल्लत बढ़ी, लोग रात में पानी भरने को मजबूर

## आज जेएनएल नहर में पानी आने की संभावना, फिर राहत की उम्मीद

- डीएलएफ कॉलोनी में रोजाना रात 2 से सुबह 5 बजे तक बिजली गुल होने से लोगों की नींद हो रही है खराब
- सेक्टर-1 के हाउसिंग बोर्ड समेत कई हिस्सों में पानी को लेकर मचा हुआ है हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली कट और पेयजल की समस्या से शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। बिजली के घोषित व अघोषित कट लगातार जारी है। डीएलएफ कॉलोनी में रोजाना रात 2 से सुबह 5 बजे तक बिजली गुल होने से लोगों की नींद खराब हो रही है। सेक्टर-1, लाढौत रोड, बाबरा मोहल्ला, गांधी कैंप, विशाल नगर, दुर्गा कॉलोनी और झंग कॉलोनी में बिजली के साथ पेयजल किल्लत गहरा गई है। हालात ये हैं कि जलापूर्ति के लिए लोग खतरनाक टीडीएस वाला भूजल पीने को विवश हैं। गांधी कैंप के लोग बाजार से कैंपर मंगवाकर पीने व खाना बनाने का कार्य कर रहे हैं। बाबरा मोहल्ला में दूषित जल की समस्या कई माह से व्याप्त है। डीएलएफ कॉलोनी नाम का पॉश कॉलोनी बनकर रह गया है। रात-दिन किसी भी समय यहां बिजली कट लग रहे हैं। भीषण गर्मी में पूरी-पूरी रात लाइट नहीं आ रही है। लोगों के इन्वर्टर भी जवाब दे रहे हैं। बच्चे और बड़ों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बिजली निगम लोड का हवाला दे रहा है। पेयजल किल्लत को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि कोई शिकायत नहीं आई है।

### पानी के लिए रातों की नींद खराब, नलों पर लगी लाइन



### बिजली के रोज 200 से 250 शिकायतें

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ गई है, जिस कारण ट्रांसफार्मर जलने, केबल जलने की शिकायत बढ़ गई है। बिजली निगम के शिकायत केंद्र पर ही प्रतिदिन 200 से 250 शिकायतें आ रही हैं। इसके चलते पूरा दिन उनका फोन व्यस्त दिखाता है। कई लोग तो सीधा बिजली निगम के शिकायत केंद्र पर जाकर शिकायत दर्ज करवा रहे हैं, क्योंकि उनका फोन नहीं मिलता है।

### इन कॉलोनियों ज्यादा किल्लत

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शहर में पानी न पहुंचने की समस्या कम आ रही है। कॉलोनीवासियों की मांग पर शहर में करीब 70 टैंकरों से भी जलापूर्ति की जा रही है। वहीं, आदर्श नगर वासी नरेश खन्ना ने बताया कि करीब एक माह से कॉलोनी में एक समय मिलने वाले पानी से भी कटौती की जा रही है, कभी 20, तो कभी 12 मिनट तक ही सप्लाई की जा रही है। दरियाव नगर, गांधी कैंप, विशाल नगर, जींद रोड क्षेत्र, सलारा मोहल्ला, भरत कॉलोनी में भी पेयजल की समस्या बनी हुई है। इसके साथ ही खोखरा कोट क्षेत्र में टैंकरों से ही जलापूर्ति की जा रही है।

### नहर में पानी आने के बाद समस्या से मिल जाएगी निजात

नहर में पानी न होने की वजह से पानी के टैंकरों से सप्लाई चल रही है। जहां पर दिक्कतें है वहां भी पानी पहुंचाया जा रहा है। सप्लाई भी निरंतर जारी है। जल्द ही नहर के आने पर पानी की सप्लाई दोनों समय दी जाएगी। हालांकि पानी से संबंधित शिकायतें आती रहती है। जल्द ही नहर में पानी आने के बाद पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
रोहित कुमार, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग



### समस्या से नहीं मिल रही निजात

पानी की समस्या तो हमेशा ही रही है, लेकिन इस बार कुछ अलग है। बिजली कट भी आम बात हो गई है। दिन में 20 बार से ज्यादा पानी भरकर लाना पड़ता है। काम के समय पानी भरने को आना पड़ रहा है।
-तुषार, पुराना हाऊसिंग बोर्ड

### कैंपर मंगाने को मजबूर



पानी बिल्कुल दूषित आ रहा है। शाम के वक्त पानी आता है। यह पानी खाना बनाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। पीने और खाना बनाने के लिए बाजार से 20 से 30 रुपये प्रतिदिन खर्च कर कैंपर मंगाते हैं। -नेहा, पुराना हाऊसिंग बोर्ड

### साफ पानी की दरकार

पानी आता नहीं है। कभी भूले भटके आ भी जाए तो साफ नहीं आता है। कॉलोनी के ज्यादातर घरों में सबमर्सिबल है। लोग इसके जल से ही अपने घरों का काम करते हैं।
-नीता, झंग कॉलोनी

## खबर संक्षेप

### डॉ. हरि मोहन सीएमबीटी निदेशक मनोनीत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) के सहायक प्रोफेसर डॉ. हरि मोहन को सीएमबीटी का निदेशक मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर निदेशक सीएमबीटी डा. हरि मोहन की नियुक्ति 30 अप्रैल 2025 से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### प्रोफेसर डॉ. महक दांगी निदेशक मनोनीत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स की सहायक प्रोफेसर डॉ. महक दांगी को सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स का निदेशक मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर निदेशक सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स डॉ.दांगी की नियुक्ति 30 अप्रैल 2025 से तीन वर्ष के लिए की गई है।

### मदवि ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-इकोनॉमिक्स पंच वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश, एमए-इकोनोमिक्स प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश, एमए-हिन्दी, इतिहास, हिन्दू स्टडीज, राजनीति विज्ञान तथा संस्कृत की प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, बीकॉम पास, आनर्स व वोकेशनल की तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### युवक अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि गांव भालौठ रुड़की टीम के पास युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुमित उर्फ सम्मे निवासी इस्माइला के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### लाखनमाजरा कॉलेज का दीक्षांत समारोह आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालय राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में 26 अप्रैल को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह तथा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा की प्राचार्या इंदू सपरा ने बताया कि एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस समारोह में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।



### जेकेएम स्कूल के 25 छात्र एनसीसी में चयनित

**रोहतक।** जेकेएम स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। शुक्रवार को स्कूल के 25 छात्रों का चयन 1 एयर हरियाणा स्क्वाड्रन, एनसीसी हिसार के तहत जूनियर विंग और जूनियर डिवीजन में हुआ। कक्षा 8 और 9 से कुल 80 छात्रों में से स्कूल से 10 छात्राएं 15 छात्र चुने गए हैं। यह चयन सार्जेंट कमेन्द्र, संदीप कुमार और दीपक बिष्ट द्वारा किया गया। स्कूल की प्राचार्या डॉ. सविता बिसला ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है।



रोहतक। प्रदर्शनी में शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विजिटर्स से संवाद करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

#### एमडीयू की स्वर्ण जयंती प्रदर्शनी संपन्न

# विवि के 50 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा का जीवंत चित्रण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने अपनी स्थापना के 50 वर्षों की यात्रा को समर्पित सात दिवसीय स्वर्ण जयंती प्रदर्शनी का आयोजन किया था। ये शुक्रवार को टैगोर सभागार की गैलरी में संपन्न हुई। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय की बुनियादी शुरुआत से लेकर एक प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में इसके विकास की कहानी को दर्शाया गया। विश्वविद्यालय की 50 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा का जीवंत चित्रण इस प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया।आज कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस प्रदर्शनी के समापन सत्र में शिरकत की। कुलपति ने प्रदर्शनी में शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विजिटर्स से संवाद किया और उनका फीडबैक जाना। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी ने न केवल एमडीयू के गौरवशाली अतीत को उजागर किया, बल्कि इसके उज्ज्वल भविष्य की प्रदर्शनी में शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विजिटर्स से संवादशा में उठाए गए कदमों को भी प्रदर्शित किया गया। उन्होंने डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन समेत अन्य शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को इस प्रदर्शनी के शानदार आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कुलसचिव डा. कृष्णकांत, कुलपति के सलाहकार प्रो. एकेराजन, प्रो. बी. नरसिम्हन समेत विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा विजिटर्स उपस्थित रहे।

### विवि की प्रमुख उपलब्धियों को दर्शाया गया

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों, प्रकोष्ठों और कर्मियों का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी में एमडीयू की 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा की प्रमुख उपलब्धियों को दर्शाया गया, जिनमें बुनियादी ढांचे का विकास, शैक्षणिक नवाचार, तकनीकी प्रगति और छात्र-केन्द्रित पहलों की झलक शामिल थी। चित्रों और फ्लेक्स के माध्यम से विजिटर्स को विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत और भविष्य की दिशा की एक झलक दिखाई गई।

# सहकारिता मंत्री ने कलानौर मंडी का किया औचक निरीक्षण, सुविधाएं जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को कलानौर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडियों में पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आढ़तियों व किसानों से बातचीत की। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार को समस्या नहीं आनी चाहिए तथा मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि 24 घंटे में खरीदी गई गेहूं का उठान हो। उन्होंने कहा कि किसान का ध्यान रखना नायब सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े ऐसे प्रबंध सभी अनाज मंडियों में किए जाएं। उन्होंने किसानों व आढ़तियों से व्यवस्था बारे जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त लेबर व ट्रांसपोर्ट वाहन लगातार उपलब्ध रहने चाहिए ताकि मंडियों से फसल का उठान समय पर होता रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था व सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में बारदाना की व्यवस्था रखें।



रोहतक। कलानौर मंडी का निरीक्षण करते सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा।

## गाड़ी से 2.51 क्विंटल डोडा चूरा पोस्त बरामद

**रोहतक।** पुलिस कलानौर की टीम ने एनएच 152 डी पर गाड़ी से 2 क्विंटल 51 किलो 100 ग्राम डोडा चुरा पोस्त बरामद किया गया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया हैं। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि एनएच 152 डी रोड कलानौर महम साइड नजदीक खरैडी टोल के पास गाड़ी खड़ी है जिसमें नशीला पदार्थ भरा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान गाड़ी से 19 प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। कट्टे से कुल 2 क्विंटल 51 किलो 100 ग्राम डोडा चुरा पोस्त बरामद हुआ। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

#### अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की दो टूक

# हाईवे पर बिना सीएलयू के संचालित ढाबा मालिकों पर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नेशनल हाइवे पर चेंज आफ लैंड यूज (सीएलयू) के बिना बनाए गए ढाबों के मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि एक से 10 मई तक एनफोर्समेंट अभियान चलाया जाए। नेशनल हाइवे पर जिन लोगों ने अवैध कट लगा रखे हैं, अवैध ढाबे हैं या अवैध कॉलोनी है, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सभी प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे इस बारे रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा सके।




रोहतक। उपमंडल अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ।

### सभी एसडीएम करें रोड सेफ्टी की मीटिंग

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने स्तर पर सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित करें और प्रमुख बिंदुओं को उनके समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उन पर कार्रवाई की जा सकें। सड़कों पर गड्ढों को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही वे स्वयं तथा पुलिस अधीक्षक तथा एडीसी व एएसपी सड़कों का निरीक्षण करेंगे और जहां भी गड्ढा पाया गया तो संबंधित विभाग के जेई व एसडीओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि उक्त एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर संबंधित प्रोजेक्ट डायरेक्टर इस बारे में कार्रवाई नहीं करता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

#### मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विवि से विद्यार्थियों की जानकारी मांगी

# 90 कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा के लिए एमडीयू सचेत

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

तीन दिन पहले कश्मीर पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा 26 लोगों की मौत के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ऐसे प्रदर्शनों से रोहतक शहर भी अछूता नहीं है। इन सब घटनाओं के बीच महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन चिंता में है, क्योंकि विभिन्न पाठ्यक्रमों में कश्मीर के 90 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह प्रदेश के किसी शिक्षण संस्थान की कश्मीर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार की घटना की वीडियो जैसे ही वायरल हुई तो यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन सकते में आया। ये कयास लगाए जाने लगे कि कहीं एमडीयू में ही तो कोई अप्रिय घटना नहीं हो गई है। लेकिन जब वीडियो एमडीयू का नहीं मिला तो तब जाकर यूनिवर्सिटी ने राहत की सांस ली। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विद्यार्थियों की जानकारी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से मांगी है।





### संवेदनशील है कैंपस

सुरक्षा की दृष्टि से विश्वविद्यालय कैंपस काफी संवेदनशील है। छात्रों के बीच गाहे-बगाहे अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं। शुक्रवार दोपहर पौने एक बजे के करीब स्कॉलर कीर्ति दूबे की ब्रेजा गाड़ी का शीशा तोड़कर अज्ञात व्यक्ति 8 से 10 हजार रुपये, एक सोने की चेन, आधारकार्ड और दूसरे दस्तावेज ले गए। जब पीड़िता ने सिक्योरिटी कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी की फुटेज दिखाने की मांग की तो मना कर दिया। कीर्ति के सहयोगी मंगल सिंह ने बताया कि बीते पांच दिन से सीसीटीवी की फुटेज का रिकॉर्ड दर्ज नहीं हो रहा है। सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी की सुरक्षा पूरी तरह से रामभरोसे है। कहने को तीनों गेट पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। लेकिन सुरक्षा को चुनौती देकर अपराधी वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे हैं।

### गाड़ी के शीशे तोड़े



मैंने साढ़े बारह बजे के करीब अपनी गाड़ी खड़ी थी। जब वापस आई तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। जब मैंने अपना पर्स संभाला तो करीब 10 हजार रुपये गायब मिले। इसके अलावा कई दस्तावेज भी चोरी कर लिए गए हैं।-**कीर्ति दूबे**, रिसर्च स्कॉलर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय

### कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा को लेकर विवि संवेदनशील

कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा को लेकर विश्वविद्यालय संवेदनशील है। विश्व विद्यालय प्रशासन की ओर से कश्मीरी समेत सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। चूंकि पहलगाम में आतंकवादी घटना घटी है, सोशल मीडिया पर कुछेक वीडियो वायरल है, इसलिए एमडीयू प्रशासन भी सतर्क है। एमडीयू में सुरक्षा की स्थिति जानने के लिए हरिभूमि ने कई संबंधित अधिकारियों से बात की, तो किन्हीं से भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। संबंधित अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते नजर आए। इस पूरे मामले में अच्छी बात है कि पुलिस सतर्क है और एमडीयू प्रशासन से कश्मीरी छात्रों की जानकारी मांगी है।

### जायजा लेते जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी



## 28 को मोरखेड़ी में प्रशासन का रात्रि ठहराव, डीडीपीओ ने लिया जायजा

रोहतक। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने गांव मोरखेड़ी में 28 अप्रैल को आयोजित होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक हिदायतें दी। जिला प्रशासन द्वारा मोरखेड़ी गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं व शिकायतों का मौके पर निपटारा किया जाएगा तथा संबंधित विभागों द्वारा प्रतिदिन शिविर लगाकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। राजपाल चहल ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत लोगों के घर-द्वार पर उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मोरखेड़ी में रात्रि ठहराव में उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व अन्य प्रशासनिक उच्च अधिकारियों द्वारा लोगों की मौके पर शिकायतें व समस्याएं सुनी जाएगी तथा उनका समाधान भी किया जाएगा।



एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।



दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

---

**मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान**

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

**जॉब ट्रेंड्स**

करियर डेस्क

**ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स**

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।




## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

---

**मेमोरी शार्प करने के तरीके**

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

---

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



**मोटिवेशनल**

डॉ. दिव्या तंवर

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम  करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें**: अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी**: आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग**: अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा**: साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- **डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार**: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- **जागरूकता फैलाएँ**: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस**: नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता**: ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें**: अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें**: जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश**: अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें**: सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों**: अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ**: रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून**: पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



### डेटा एनालिसिस से लिया जा सकता है सही निर्णय

**रोहतक।** डेटा एनालिसिस आज के समय में किसी भी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, खासकर अर्थशास्त्र में। यह न केवल आर्थिक निर्णयों को बेहतर बनाता है, बल्कि यह नीति निर्माण, व्यापार रणनीतियों और विकास योजनाओं में भी सहायक होता है। यह कहा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने। वे शुक्रवार को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में क्वानटेटिव टेक्निक्स इन डाटा एनालिसिस विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे।

### वार्ड-3 में चला विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** वार्ड-3 में शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें कृष्णा कालोनी, गढी मौहल्ला, कुआ मौहल्ला अम्बेडकर कालोनी आदि में वार्ड सदस्य के प्रतिनिधि की उपस्थिति में यह विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। यह सफाई अभियान मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन की देख-रेख व सहायक सफाई निरीक्षक सुमित फौगाट, कृष्ण लाल की अध्यक्षता में करवाया गया। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बताया कि सफाई कार्य में सुधार के लिए कूड़ा निस्तारण प्लांट व शहर में अलग-अलग स्थानो का निरीक्षण भी किया गया।

### लंबित शिकायतों की समीक्षा की

**रोहतक।** नागरिकों की शिकायतों के निपटारे के लिए सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सरकार द्वारा गठित समाधान प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की जाती है। प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअली समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की गई। लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शिकायतों के निपटारे की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### धनपत सिंह थे महान सांगी : गजेंद्र फौगाट

**रोहतक।** गांव निंदाना से विख्यात सांगी धनपत सिंह के परिवार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के ओएसडी व कला परिषद निदेशक गजेंद्र फौगाट से मिलके धनपत सांगी के परिवार ने उनके नाम पर अवार्ड घोषणा प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करने पे धन्यवाद किया। गजेंद्र फौगाट ने कहा कि नगर निंदाना पवित्र गांव है जहां महान सांगी धनपत सिंह ने जन्म लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी इसी गांव में जन्मे व उनके द्वारा किए कार्य आज नए हरियाणा की नींव का पत्थर हैं। फौगाट ने कहा कि आज धनपत सिंह की सांग प्रणाली के सांगियों की प्रतियोगिता करवा के उनमें से सर्वश्रेष्ठ सांगी को एक लाख रुपये इनाम दिया जाएगा।

# सेना में जाना केवल एक नौकरी नहीं, यह राष्ट्र सेवा का अवसर भी

- सेना भर्ती अधिकारी भूपेन्द्र सिंह और रेड क्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने युवाओं को दी दिशा और प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'सेना में करियर' विषय पर प्रेरणात्मक सेमिनार



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।

युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के लिए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर में एक दिवसीय प्रेरणात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का विषय था "भारतीय सेना में अधिकारी और अन्य प्रविष्टियों के रूप में शामिल होना। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के युवक रेड क्रॉस (वाईआरसी) और सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस सेमिनार में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने भारतीय सेना को "देशभक्ति, अनुशासन और सेवा का पर्याय" बताते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि सेना में शामिल होकर वे न केवल अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा में भी गौरवपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में जाना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि यह जीवन का ऐसा मिशन है जो व्यक्ति को उद्देश्य, अनुशासन और सम्मान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब कोई युवा 'मैं भारत माता की रक्षा के लिए तैयार हूं' यह संकल्प लेकर सेना में शामिल होता है, तो वह केवल अपनी पहचान नहीं बदलता, वह पूरे राष्ट्र का गौरव बन जाता है। कुलपति डॉ. वर्मा ने यह भी कहा कि आज के युवा वर्ग के पास असीम ऊर्जा और प्रतिभा है, जिसे सही दिशा में लगाना आवश्यक है। भारतीय सेना न केवल इस ऊर्जा को सही मार्ग देती है, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, और सामाजिक जिम्मेदारी का भी विकास करती है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव श्याम सुंदर ने युवाओं से सामाजिक सेवा और तनावमुक्त जीवन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा, विशेषकर रक्तदान, दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सहायता जैसे कार्य, राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

सेना भर्ती अधिकारी एएआरओ भूपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में भर्ती की विभिन्न प्रविष्टियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जैसे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, संयुक्त रक्षा सेवा, तकनीकी प्रवेश योजना, अग्निपथ योजना तथा अन्य तकनीकी शाखाएं। उन्होंने पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया, मेडिकल व शारीरिक परीक्षण, और तैयारी के लिए संसाधनों के बारे में सटीक और व्यावहारिक जानकारी दी। भूपेन्द्र सिंह ने यह भी बताया कि एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को सेना में अधिकारी बनने का विशेष अवसर मिलता है, जिससे वे बिना लिखित परीक्षा सीधे एसएसबी साक्षात्कार के लिए पात्र बनते हैं।

### सेमिनार में ये रहे मौजूद

प्रबंध डीन डॉ. अनिल कनवा ने सेना में प्रवेश के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं, आयु सीमाओं, शारीरिक मानदंडों और अन्य प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान हवलदार शक्ति सिंह, बलराज राणा, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. अनिल डूडी, डॉ. सुमन पहल, डॉ. शिवानी राणा, डॉ. नेहा गाबा, वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय कुमार, स्वयंसेवक, एनएसएस और एलएलबी के विद्यार्थी प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

## पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष व महाप्रबंधक ने किया शुभारंभ

# हिसार बाईपास तक चलेंगी लो फ्लोर सिटी बसें, दूरी के हिसाब से किराया निर्धारित

शुक्रवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व महाप्रबंधक विपिन कुमार ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** सिटी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा के नेता सतीश नांदल व परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

शहर में आधुनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत इलैक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व महाप्रबंधक विपिन कुमार ने इसका शुभारंभ किया है। हरियाणा सरकार एवं हरियाणा सिटी बस सर्विस के संयुक्त तत्वावधान में वातानुकूलित बसों का संचालन किया जा रहा है, जिनका किराया दूरी के हिसाब से 10, 15 व 20 रुपए निर्धारित किया गया है। इन बसों के संचालन से पर्यावरण संरक्षित रखने में मदद मिलेगी तथा यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

इसके तहत शहर में विभिन्न निर्धारित रूटों पर 5 वातानुकूलित बसें संचालित होगी। जिनमें जीपीएस के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों इत्यादि की सुविधा भी उपलब्ध है। इलेक्ट्रिक बसों के शहर में रूट निर्धारित किए गए है। सरकार द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत यह बसें संचालित की जा रही है। लो-फ्लोर बसों में यात्रियों को बस स्टॉप के बारे में भी उद्घोषणा के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। इन बसों के आगे व पीछे डिजिटल डिस्प्ले लगाई गई है ताकि यात्रियों को संबंधित बस के रूट की जानकारी मिल सके। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकेगा। इन बसों में सुरक्षा की दृष्टि से अत्याधुनिक उपकरण भी लगाए गए है।

### सिटी बस सेवा की बसों में मुहैया करवाई गई अत्याधुनिक सुविधाएंः परिवहन महाप्रबंधक

परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार ने कहा कि सिटी बस सेवा के तहत संचालित की जा रही सभी पांच बसें वातानुकुलिन हैं। इलैक्ट्रिक बसें लो फ्लोर बसें हैं, जिससे यात्रियों को चढने व उतरने में कोई परेशानी नहीं होगी। इन बसों में जीपीएस फीचर उपलब्ध है। इन बसों में 46 सीटें हैं। संबंधित बसों में न्यूनतम किराया 10 रुपए रहेगा तथा दूरी किलोमीटर के हिसाब से किराये के 10 रुपए, 15 रुपए, 20 रुपए इत्यादि सलेब बनाए गए हैं। ये बसें अपनाने से वायु प्रदूषण कम होगा, वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा।

### रक्तदान शिविर में 192 यूनिट रक्त एकत्रित

भारत विकास परिषद की जयहिंद शाखा द्वारा दिवंगत रामचेत तायल एडवोकेट की पुण्यतिथि के अवसर पर बस स्टैंड परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने रक्तदाताओं को बैज लगाए तथा रक्तदाता प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में कुल 192 युवाओं ने रक्तदान किया। सडक़ दुघटनाओं में घायल होने वाले व्यक्तियों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते है। संस्था द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त एकत्रित किया जाता है। इस मौके पर भारत विकास परिषद की जयहिंद शाखा के अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव मनोज गर्ग, प्रो. मदन गोयल, पवन तायल, मुकेश गुप्ता, कुलभूषण जैन, हरि प्रकाश गर्ग, सुरेश कथूरिया, विजय गोयल, नरेश जैन व दीपक जिंदल रहे।

## न्यूज डायरी



### जोनल रेलवे उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य नियुक्त हुए नरेश गौड़, शाल ओढ़ाकर स्वागत

**रोहतक।** उत्तरी रेलवे बोर्ड के जोनल रेलवे उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त हुए नरेश गौड़ का शुक्रवार रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही वह स्टेशन पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों और रेलवे कर्मचारी संगठनों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं शाल भेंट करके उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्रधान नरेश गौड़ भारतीय खाद्य निगम के सदस्य भी है। यह सम्मान न केवल नरेश गौड़ की उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि रोहतक वासियों के लिए गर्व का विषय भी है। प्रधान नरेश गौड़ ने रेलवे स्टेशन का जायजा लिया और यात्रियों की शिकायतें सुनी। उनकी शिकायतों के निवारण के लिए रेलवे अधिकारियों को इसके बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक बलराम मीणा, बलवीर राठी यातायात निरीक्षक, संजीव सहगल वाणिज्य निरीक्षक, प्रेम सुख शर्मा, बलराम शर्मा, पवन कुमार यादव, संजीत रूहिला, अंग्रेज नांदल, प्रदीप दीक्षित, गुलशन कुमार, कृष्णलाल रहे।



**महम।** मलेरिया रोकथाम को लेकर आयोजित जागरूकता अभियान में भाग लेते एनएसएस स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

### विद्यार्थियों को बताए मलेरिया रोकथाम के उपाय

**महम।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा की एनएसएस यूनिट-I एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूक करना था। ग्रामीणों व विद्यार्थियों को मलेरिया रोकथाम हेतु सरल व प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी सुरेश सरोहा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर कार्तिक, जीत सिंह, अमित कुमार, प्रदीप कुमार व मोहित ने विद्यार्थियों को मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सतीश दांगी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा गांव में रैली निकाली गई। जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाए गए, तथा नारे लगाते हुए लोगों को मच्छरों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

# एसजेके कॉलेज एक अग्रणी शिक्षण संस्थान : दीप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में शुक्रवार को महाविद्यालय के नवनिर्मित महंत जमना दास सभागार का उद्घाटन परम श्रद्धेय वर्तमान गद्दी नशीन खुशहाल दास महाराज, सत जींदा कल्याणा आश्रम द्वारा किया गया। इस समारोह की मुख्याअतिथि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की उपकुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी रही। समारोह में विशिष्ट अतिथि रोहतक के विधायक बीबी बत्तरा, एडीझी इंकम टैक्स एंड विजिलेंस विभाग से रोहित मेहरा रहे। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने अपने कर–कमलों से नव निर्मित सभाागर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शादी लाल बत्तरा एवं सभी गवर्निंग बॉडी के सभी सदस्यों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व पूर्व छात्रों को बधाई दी और कहा कि सत जींदा कल्याणा कॉलेज एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, उन्होंने साथ ही धर्म समाज व राष्ट्र का जिक्र करते हुए सत्कर्म करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्तरा ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के संस्थापक युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त जमनादास को नमन करते हुए उस संकल्प को पुनः दोहराया, जिसे लेकर इस महाविद्यालय की नींव रखी गई थी। इस पावन अवसर पर महंत खुशहाल दास महाराज ने उपस्थित सभी जनों को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही कलानौर की विभिन्न गद्दीयों से महन्त राम सुख दास महाराज, महंत बाबा हरपाल दास महाराज, महंत बाबा ईश्वर शाह महारात, बाबा गुरप्रीत सिंह सभी महापुरूषों ने शिरकत की व अपना आर्शिवाद दिया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने सभी गणमान्य अतिथियों का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव महेन्द्र कुमार खुराना, कोषाध्यक्ष गौरव जुनेजा, वेद प्रकाश बत्तरा, गौरव कवातडा, डॉ. सुषमा, सतीश, डॉ. अर्पणा बत्तरा, ओम प्रकाश डंग, तारा भाई खुराना, आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूक रैली



**सांपला।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सांपला ब्लाक के सात गांव में लिंगानुपात सुधार के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जागरूक रैली निकाली। जिसमें स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा वर्कर, स्कूली विद्यार्थी व ग्रामीण महिलाएं शामिल हुई। गौरतलब है कि सांपला ब्लाक में लिंगानुपात बिगड़ता जा रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने हसनगढ़, मोर खेड़ी, भैंसरु कला व खुर्द, नयाबास, इस्माईला में जागरूकता कार्यक्रम में लिंगानुपात सुधार पर विशेष जोर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला की वरिष्ठ डॉक्टर कोमल व हसनगढ़ में डॉ. विशाल डाक्टर रुचिका, एजुकेटर पुनम के नेतृत्व में ये जागरूक रैली निकाली गई।

### मलेरिया से बचाव की जानका दी

**महम।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम में शुक्रवार को नागरिक अस्पताल महम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संध्या सुमन ने की। नागरिक अस्पताल महम के डॉक्टर धर्मेंद्र, स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार व स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुलदीप ने छात्राओं को मलेरिया रोग के कारण बताए।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री हरी राम निवासी गांव निंदाना, उपतहसील लाखनमाजरा, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कई कारणों से पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य-संतुलन बिगड़ाः प्रो सुरेंद

**रोहतक।** सौर मंडल में केवल पृथ्वी पर जीवन संभव है। प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, पेड़ों की कटाई, कृषि में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग, फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं एवं गंदे पानी जैसे कई कारणों से पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य और संतुलन बिगड़ता जा रहा है। अगर हम नहीं जागे तो आने वाली पीढियों को बंजर और जहरीली धरती मिलेगी। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरिच कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर और बॉटनी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) के रोहतक स्थित डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्रों को बदलती जीवन शैली से अवगत करवाया।




**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते बॉटनी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव।

स्वच्छ कलानौर, स्वस्थ कलानौर
साफ सिटी सेफ सिटी

**सार्वजनिक सूचना**

आमजन को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर क्षेत्र में Door to door, Collection, Segregation, Transportation के कार्य का ठेका एक वर्ष के लिए बलवान एण्ड कम्पनी, सोनीपत फर्म को दिया गया है। बलवान एण्ड कम्पनी, सोनीपत फर्म द्वारा कलानौर शहर में प्रत्येक घर से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 05 बजे तक डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त फर्म द्वारा नगरपालिका कलानौर शहर में Tagging & Mapping कर दी गई है। इसलिए आमजन से निवेदन है कि घर पर हरे व नीले रंग के दो डस्टबिन रखें। हरे डस्टबिन में गीला कूड़ा व नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा रखें, व कूड़े को गाड़ी में अलग-अलग ही डाले। शहर में अगर किसी भी आमजन द्वारा कूड़ा इधर-उधर फेंका जाता है तो नगरपालिका कलानौर द्वारा उसका ठोस अपशिष्ट नियम-2016 के तहत जुर्माना व उचित कार्यवाही की जाएगी। घर-घर से कूड़ा उठाने से सम्बन्धित शिकायत नगरपालिका कलानौर कार्यालय में रखे शिकायत रजिस्ट्रर में दर्ज करवाएं या एजेंसी के शिकायत केन्द्र नं0 9728118792 पर दर्ज करवाएं।
सचिव- नगरपालिका कलानौर

### संकट मोचन मंदिर में कलश यात्रा आज सुबह 8 बजे व श्रीमद्भागवत कथा शाम 4 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय भक्तिमय व धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को भव्य कलश यात्रा से आरंभ होगी। मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम 2 मई तक चलेगा। इस अवसर पर शनिवार 26 अप्रैल को प्रातः 8 बजे मंदिर से साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन कलश यात्रा निकालेंगे जो मुख्य बाजारों से होते हुए बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज डेरे पर पहुंचेंगी। जहां वे श्रद्धा से कलश भरेंगे और डेरा महंत उपा आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात 10 बजे साध्वी द्वारा सत्संग व भंडारा होगा और शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक वृंदावन से आई कथावाचक साध्वी यमुना दीदी श्रीमद्भागवत कथा होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा ज्योत प्रचंड करेंगी। वहीं, रविवार 27 अप्रैल को सुबह 9 से 1 बजे तक मेडिसिन कैंप लगेगा। जिसमें रोगों की जांच पीजीआईएमएस के वरिष्ठ डॉक्टर टीम के साथ करेंगे।

### 17वें विशाल जागरण व अटूट भंडारे का आयोजन आज

**रोहतक।** श्रीबालाजी भगत संकीर्तन दल द्वारा शनिवार को 17वें विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज धर्म कांटा के सामने वाली गली विजयनगर में आयोजित किया जाएगा। श्रीबाला जी के भगत सुरेश वर्मा ने बताया कि इस जागरण में श्रीबाला जी महाराज के दरबार के साथ श्रीखाटू श्याम का दरबार भी लगाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, एमसी प्रवीण कौशिक व पूर्व डिप्टी मेयर अनिल कुमार होंगे। जागरण में श्रीबाला व श्रीखाटू श्याम को 208 किलो के लड्डू का भोग लगाया जाएगा व पंच मेवा व 56 भोग लगाया जाएगा और दोनों दरबारों को फूलों से सजाया जाएगा। भगतजनों के लिए इत्र की बरसात भी की जाएगी। इसमें पूनम कौशिक दिल्ली से देवेंद्र वर्मा सापला से संदीप भंडारी फतेहाबाद से दीपक वर्मा रोहतक से श्रीबालाजी महाराज के भजनों का गुणगान करेंगे व विनीत महादेव झाकी सम्राट द्वारा झाकियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी कलाकारों का सम्मान किया जाएगा।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
- एचआर हेड (महिला)
- फील्ड ऑफिसर
- टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5
- HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** स्वास्थय विभाग द्वारा सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के आदेशानुसार शुक्रवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में और एसएमओ डॉ. रणबीर सिंह के दिशा-निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिड़ी तथा लाखन माजरा के गांव जिन्दरान तथा गुगाहेड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम मनाया गया। लिंग अनुपात को सुधारने के लिए यह कार्यक्रम करवाया गया।
जिंदरान पंचायत की महिला सरपंच प्रोमिला देवी ने कहा कि हब सबके सहयोग से कन्या भ्रूण हत्या को रोका जा सकता है।

### महिला को नशीले पदार्थ सहित किया काबू

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थो सहित काबू किया गया है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी के पास से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान पूजा पत्नी कुलदीप निवासी करतारपुरा के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर महिला के पास से 122 ग्राम चरस बरामद हुई है। महिला के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### गोयल क्लब ने 3 विकेट से मैच किया अपने नाम

**रोहतक।** गोयल क्रिकेट क्लब व भारती क्रिकेट अकादमी के बीच 40 ओवर का अभ्यास मैच खेला गया। यह मैच शुक्रवार को जिले के वैश्य टेक्निकल इंस्टिट्यूट क्रिकेट गाउंड में खेला गया। गोयल क्रिकेट क्लब में 3 विकेट से मैच जीता। इस मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी को चुना। भारती क्रिकेट अकादमी की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतीक ने 19 रन, रजत ने 27 रन तथा शिवम ने 15 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब के खिलाडीयों की और से शौर्य तथा परीक्षित ने 3-3 विकेट लिए।

### पाइपलाइन बिछाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने साई दास कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन बिछाने की प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के डिविजन-2 के एसडीई अनिल कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत गढ़ी-सांपला बूस्टर से खेड़ीसाध तक डीआई पाइप लाइन कनैक्शन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम के सहायक अभियंता सुनील शर्मा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

## मानसरोवर पार्क से अंबेडकर चौक तक निकाली गई कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

*22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को धर्म पूछकर मारकर की कायराना हरकत*

# आतंकवाद व हिंसा के विरुद्ध एकजुट हों नागरिक सरकार उठाए सख्त कदम, कांग्रेस साथ :बत्रा

**खास बातें**

- सब्जी मंडी में पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे
- भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के चारों तरफ कैंडल लगाई



**रोहतक।** कैंडल मार्च निकालते विधायक भारत भूषण बतरा,विधायक शकुंतला खटक,विधायक बलराम दांगी व अन्य कार्यकर्ता।


**रोहतक।** भिवानी स्टैंड पर आतंकवाद का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन करते शहरवासी।


**रोहतक।** भिवानी स्टैंड पर पहलगाम में आतंकवादा के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लोगों को सम्बोधित करते उपाआचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए कायराना हमले के विरोध में और इस हमले का शिकार हुए निर्दोष भारतीयों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेस ने घटना की कड़ी निंदा की है, और केंद्र सरकार से मांग की है कि इस मामले में कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। मानसरोवर पार्क से कैंडल मार्च निकालते हुए कांग्रेसी ने अंबेडकर चौक पहुंचे और वहां मोन धारण कर सभी मृतक भारतीयों को श्रद्धांजलि दी। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। बत्रा ने कहा भारतीय सेवा के गौरवशाली इतिहास को पूरा विश्व जानता है। बत्रा ने कहा कि कांग्रेस आतंकवादियों द्वारा पहलगांव में की गई घटना की कड़ी भर्त्सना करती है। कांग्रेस की वरिष्ठ विधायक शकुंतला खटक ने कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद से सख्ती के साथ निपटे, पूरा देश आज इस कायराना घटना की कड़ी निंदा करता है। कांग्रेस विधायक बलराम दांगी ने कहा पाकिस्तान हमेशा कायराना हरकत करता है, भारतीय सेना हर बार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। पूर्व विधायक सुभाष बत्रा ने निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह असहनीय पीड़ा है, राजनीति से ऊपर उठकर सभी दल आज इस मुद्दे पर एक है।

### यह रहे मौजूद

*कैंडल मार्च में पूर्व कांग्रेस विधायक एडवोकेट संत कुमार, पूर्व चेयरमैन चक्रवर्ती शर्मा, सूरजमल किलोई, पार्षद विजय गोयल, एडवोकेट परीक्षित देशवाल, गुलशन डंग, मॉडल टाउन संगठन के प्रधान अजय धनखड, पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत, संजय दलाल, मोनू शर्मा ,रवीश ग्रेवाल, संजय परमार, देवेंद्र भारत, शमशेर पंचाल, लाला परमार, योगेन्द्र बॉस, सुनील बड़क, अंकुर शर्मा,मामराज स्वामी, ताराचंद बागड़ी, कुलदीप केडी, एडवोकेट बलजीत राणा, एडवोकेट परीक्षित दुग्गल,चिंटू नागपाल, सुनील बल्ली, पुनीत वर्मा,विजय कुमार, चरणजीत शर्मा ,राकेश सहगल, संजय खुराना, मयूर मुद्गल,महिला अध्यक्ष निर्मल बल्हारा, मृदुला शर्मा, गीता भारती, सुनीता मोहन ,सुदेश हुड्डा, सुशीला देवी आदि मौजूद रहे।*

### कांग्रेसजनों ने मौन रहकर जताया शोक

इससे पहले सभी कांग्रेस जन मानसरोवर पार्क पर एकत्रित हुए। सभी ने हाथों में कैंडल लेकर अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला। अंबेडकर चौक पर सभी ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के चारों तरफ कैंडल लगाई। कांग्रेसजनों ने इस घटना में शहीद हुए सभी को 2 मिनट का मौन रख के श्रद्धांजलि दी।

## सब्जी मंडी में आढ़तियों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका

सब्जी मंडी में आढ़तियों ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना के खिलाफ रोष जताया। आढ़तियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। फल एवं सब्जी मंडी एसोसिएशन के सदस्य साहिल मग्गू ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई कायराना हरकत निंदनीय है। सभी व्यापारी खून का बदला खून से मांग रहे हैं। धर्म के नाम पर गोली खाने वाले लोग मरे नहीं बल्कि देश के लिए शहीद हुए हैं। साहिल मग्गू ने कहा कि भारत अब आतंकवाद को नहीं सहेगा। पूरा देश इस मामले में एकजुट है। जो भी आतंकवाद में लिप्त है,



उनका बहिष्कार किया जाएगा, चाहे उसमें व्यापार की दृष्टि से हो या टूरिज्म शामिल हो। जिस प्रकार पहले पाक में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी, उसी प्रकार अब फिर से कार्रवाई करने की जरूरत है। आढ़ती राजकुमार मग्गू ने कहा कि पहलगाम में जो कायराना हरकत हुई है, उसके खिलाफ सभी आढ़ती एकत्रित हुए हैं। पाक का पुतला भी फूंका गया है।

## सांपला में फूंका आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

विश्व हिंदू परिषद, सांपला हिंदू समाज, विभिन्न हिंदू संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादियों व पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन शुक्रवार को मेन बाजार चौक पर किया। प्रदर्शन के दौरान देशद्रोही इस्लामिक जेहादियों और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर इस महामंडलेश्वर बाबा विद्या सवरूप महाराज, बाबा कमल दास, विहिप प्रखंड मंत्री मनीष खत्री, जिला धर्म प्रचार प्रमुख आशीष अग्रवाल, जिला सह मंत्री सुंदर ओहल्याण आदि मौजूद रहे।


**महम।** एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट को ज्ञापन देते विभिन्न व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के लोग।

### व्यापारियों ने आजाद चौक पर जमकर की नारेबाजी

*महम। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने के बाद आम जनमानस में रोष है। हर कोई आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को व्यापार मंडल महम और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने आजाद चौक पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान व्यापारियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। उसके बाद महम के व्यापारी एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन देने पहुंचे। इस ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईंट का जवाब पत्थर से देना चाहिए। आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। व्यापारियों ने कहा कि यदि उन्हें इसके लिए अपना व्यापार बंद करना पड़े या दुकानें बंद रखनी पड़ी तो वे यह भी करने के लिए तैयार हैं। कहा कि अब आतंकवाद पर प्रहार करने का सही मौका है। आतंकवाद के फन को कुचलना जरूरी है। एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट ने व्यापार मंडल और महम के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बातचीत की। कहा कि प्रधानमंत्री के नाम यह ज्ञापन पीएम कार्यालय दिल्ली में भिजवा दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता सतीश दास, व्यापार मंडल प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, पार्षद बोबी गोयल, पार्षद विकास श्योराण, महाबीर सिंह, वेदप्रकाश धवन, सुशील गुप्ता, राजीव गुप्ता, राजकुमार व सतपाल समेत कई दुकानदार व व्यापारी मौजूद थे।*



## क्रिकेट मैच में गोयनका के छात्रों ने सरस्वती हाई स्कूल को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएस सरस्वती हाई स्कूल में एक अंतर विद्यालय क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। जिसमें जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग के छात्रों ने शानदार जीत दर्ज की। जीडी गोयंका स्कूल ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में गोयनका के छात्रों ने 168 रन बनाए। दिए गए लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएस सरस्वती स्कूल की टीम 125 रनों पर ही सिमट गई। गोयनका के छात्र प्रदीप ने 57 रन बनाए तो वहीं प्रिंस ने 35 रन देकर 4 विकेट हासिल कर प्रतिद्वंदी टीम की कमर तोड़ दी। साथ ही बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए प्रदीप को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। इस उपलब्धि पर प्राचार्या सविता नेहरा एवं उप प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना, सह निदेशक हिमांशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

*मजेदार और न भूलने वाली गतिविधियां करवाई*

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नन्हें बच्चों ने मनाया रेड डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'रेड डे' सेलिब्रेशन हुआ, जिसमें नर्सरी, केजी के स्मार्ट किड्स ने शिरक्कत की। रेड डे के मौके पर पूरी कक्षा को रेड थीम से सजाया गया। विद्यालय के नन्हे छात्र, विद्यालय प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या और अध्यापकगण रेड ड्रेस में विद्यालय पहुंचे और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों के लिए मजेद्दार और न भूलने वाली एक्टिविटीज करवाई गई। सभी बच्चे रेड कलर के फल लेकर पहुंचे। बच्चों को रेड कलर की पहचान विभिन्न वस्तुओं रोज, वाटरमेलन, हार्ट, टेडी बियर, बैलून, डॉल, टोमेटो, स्ट्राबेरी, चेरी, अंब्रेला आदि दिखाकर करवाई गई। बच्चों ने वर्कशीट्स हल कीं और लाल रंग से संबंधित मनमोहक कविताओं का गायन किया। इसके साथ ही बच्चों ने रेड कलर के फ्रूटस में कलर भर इस दिन का भरपूर लुत्फ़ उठाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि रंग हमारी जिंदगी में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रेड डे न केवल एक रंग का उत्सव है बल्कि यह हमारे जीवन में ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक भी है। बच्चे भी एक्टिविटीज के माध्यम से जल्दी सीखते हैं और याद रख पाते हैं। इसलिए बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर तरह-तरह के क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चे खेल-खेल में ज्ञानार्जन भी आसानी से कर सकें। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा आदि मौजूद रहे।



## स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने बच्चों को समझाए जिंदगी के मूल मंत्र

- द आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा में दिए उपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दर्शन योग महाविद्यालय रोजड़ के पूर्व निर्देशक स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने शुक्रवार को द आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा में विद्यार्थियों को अपना उपदेश दिया। प्राचीन भारत के युग पुरुषों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने समझाया कि जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर भी विश्वास नहीं कर सकते। जो कुछ भी हमें कमजोर बनाता है चाहे वो शारीरिक हो, बौद्धिक हो या मानसिक हो, हमें उसे जहर की तरह त्याग देना चाहिए। स्वामी विवेकानंद की बात को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी चिंतन करें, चिंता नहीं, सब नए और सुशील विचारों को जन्म दें। इस दौरान स्वामी ने स्कूल के विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण से संवाद भी किया और एक संकल्प पत्र भी लिखवाया। जिसमें सभी ने कुछ बुराइयां छोड़ने जैसे झूठ बोलना, पढ़ाई पर पूरी मेहनत ना करना, देरी तक सोना इत्यादि की जगह प्रतिदिन योग करना, सुबह जल्दी उठना, सादा भोजन करना और सादगी के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा अध्यापकगण, प्रबंधन कमेटी के प्रधान श्री तेजेंद्र आर्य और प्राचार्य श्रीमती निशा मोंगा भी मौजूद रहे।



## भरत का भारत प्रतिमा की नींव भूमि शुद्धि के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक से पैदल मंगल विहार करते हुए छोटू राम चैक, मेडिकल मोड़, सेक्टर-1 से होते हुए खरावड़ बाइपास एलपीएस बोसार्ड भरत का भारत प्रतिमा की नींव भूमि शुद्धि का कार्यक्रम मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बड़े हर्ष व उल्लास के साथ किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने दी। उन्होंने बताया कि यूपीएस लक्ष्मी परिवार के डायरेक्टर विजय कुमार जैन, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन परिवार के अमित जैन व राहुल जैन ने मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर महाराज के सानिध्य में भरत का भारत प्रतिमा की नींव की भूमि शुद्धि उनके कर कमलों के द्वारा की गई। पंडित प्रतिष्ठाचार्य नीतिन भैया ने मंत्र उचारण व पूजा अर्चना करके भूमि शुद्धि का कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड परिवार व श्रद्धालुगण, शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**अभियान** पक्का रोड नेटवर्क, 3 नींव, एक अवैध फार्महाऊस व चारदीवारी को तोड़ा

*चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें : उपायुक्त*

# मकड़ौली खुर्द में 7 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

- पूंजी को निवेश करने से पहले कार्यालय में करें पुछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव मकडौली खुर्द की सात एकड़ जमीन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को शुक्रवार जिला नगर योजनाकार ने तोड़ दिया है। जिला नगर योजनाकार का यह अभियान निरंतर चल रहा है। शहर में जहां भी अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। विभाग उसे विकसित नहीं होने दे रहा है। वहीं प्रशासन का कहना है कि नागरिक अवैध कॉलोनी में जीवन की जमा पूंजी को निवेश न करें। जिसके तहत गांव मकड़ौली खुर्द में लगभग 7 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया है।



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि इस अभियान के दौरान एक अवैध कॉलोनी में पक्का रोड नेटवर्क, 3 नींव, एक अवैध फार्महाऊस, तीन अवैध निर्माण, कॉलोनी की चारदीवारी, कंटेनर ऑफिस, पानी की पाइप लाइन व सीवरेज सिस्टम को तोड़ा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला में अवैध कॉलोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। अवैध कॉलोनियों निर्माण के विरुद्ध तोड़-फोड़ अभियान जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

### नागरिकों से अपील

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

### भारतीय संविधान पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**रोहतक।** वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के आदेशानुसार भारतीय संविधान समारोह के तहत, सांस्कृतिक कमेटी की संयोजिका डॉ. मधु साहनी व टीम सदस्य डॉ. कमलेश, डॉ. ज्योति गोयल व डॉ. मोनिका गोयल की देखरेख में भारतीय संविधान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने कहा कि भारत का संविधान हमारे राष्ट्र की आधारशिला है, चूंकि आप सब भावी शिक्षक हैं इसलिए आपका दायित्व है कि आप विद्यार्थियों में संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति गहरी समझ और सम्मान पैदा करें।